March 2014

5003

(For Scheme I & Scheme II Candidates)

# Second Year Higher Secondary Examination

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool off time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are not allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Read questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except non programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना** : यह कवितांश पढ़ें और **1** से **4** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दूर तक सिर्फ पानी-पानी था
पानी की लहरें थीं
एक बांध था बड़ा
पर्यटक थे
बांध को देखकर सब खुश थे
खींच रहे थे फोटो
कह रहे थे-क्या सीन है!
मैं बता न पाया

कभी यहाँ घर थे

खेत थे

खलिहान थे

पेड़-पौधे थे

ज़िंदगी बहती थी

कभी यहाँ दूर तक इंसान थे।

(खलिहान= ധാന്യപ്പുര)

1. दूर तक सिर्फ क्या था ? **(1 Score)**
2. पर्यटक किसको देखने आ रहे थे ? **(1 Score)**

   (पेड़-पौधों को, खेत को, बांध को, खलिहान को)
3. बांध बनने से पहले यहाँ क्या क्या थे ? **(3 Scores)**
4. प्रकृति को बांधनेवाले मनुष्य की स्वार्थता की तुलना चिट्ठियाँ कविता से करके आस्वादन टिप्पणी लिखें। **(7 Scores)**

**सूचना** : अंग्रेज़ी खंड पढ़ें और **5** से **6** तक का उत्तर लिखें।

Akbar was born at Amarkot. He was born on 15$^{th}$ October 1542. His father Humayun died in 1556. Then Akbar was merely 13 years of age. He became the king. Bairam Khan was made Akbar's Guardian.

(merely- केवल ; Guardian - अभिभावक)

5. राजा बन जाने पर कौन अकबर का अभिभावक बन गया ? **(1 Score)**
6. खंड के आधार पर अकबर का आत्मकथांश तैयार करें। **(8 Scores)**

   **अथवा**

   खंड का अनुवाद हिंदी में करें।
7. **अंग्रेज़ी** शब्दों के स्थान पर **हिंदी** शब्द रखकर पुनर्लेखन करें। **(8 Scores)**

   Election commission के मुख्य कार्यालय में एक Typist, एक Stenographer और एक Translator के पद खाली हैं। तीनों के लिए कंप्यूटर Keyboard से परिचय अपेक्षित है। Candidates अधिक information के लिए अगस्त महीने का Gazette देखें।

   (सूचना, टंकक, राजपत्र, चुनाव आयोग, कुंजी पटल, अनुवादक, उम्मीदवार, आशुलिपिक)

**सूचना** : निम्नांकित गद्यांश पढ़ें और **8** से **12** तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक युवक था । बचपन में उसके पिता मर चुके थे। उसकी केवल माँ थी। माँ उसे अच्छी सीखें देती थीं। कठिन मेहनत करके उसने अध्ययन किया । छुट्टी के दिनों में वह नौकरी भी करता था। अध्ययन के बाद उसे एक जहाज़ में नौकरी मिली। उसके कई मित्र हुए। एक बार जहाज़ किसी बड़े बंदरगाह पर पहुँचा । कप्तान की अनुमति से वह भी मित्रों के साथ शहर घूमने निकला। सहसा एक बड़ी दूकान के पास एक गाड़ी आकर रुक गई । युवक ने देखा, गाड़ी से एक धनी महिला उतर रही है। सहसा महलिा के गले से हीरे का हार नीचे गिर गया। गाडी चली गई थी। महिला भी यह जानते बिना दूकान में घुस गई। युवक ने तुरंत जाकर हार उठाया। उसके मित्रों ने हार को अपने पास रखने का उपदेश दिया। परंतु युवक को यह अच्छा नहीं लगा। उसने दूकान में खड़ी महिला को कीमती हार वापस कर दिया।

8. युवक को कहाँ नौकरी मिली ? **(1 Score)**

(गाड़ी में, दूकान में, जहाज़ में, बंदरगाह में)

9. हार के संबंध में मित्रों ने युवक को क्या उपदेश दिया ? **(1 Score)**

10. गद्यांश के आधार पर युवक के चरित्र की विशेषताएँ लिखें। **(3 Scores)**

11. हार के मिलने पर युवक और उसके मित्रों के बीच का वार्तालाप कल्पना करके लिखें। **(8 Scores)**

12. गद्यांश का एक-तिहाई में संक्षेपण करें। **(6 Scores)**

**सूचना : 13** से **17** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखें। **(4×8=32 Scores)**

13. लड़ाई छिड़ जाने पर चीनी सरकार अन्य देशों में व्यापार के लिए गये चीनी सपूतों को देश लौट आने का आह्वान समाचार पत्र द्वारा करती है। वह समाचार लिखें।

सहायक संकेत : देशप्रेम की घोषणा

- देश के लिए शहीद होने का आह्वान
- देश जान से प्यारा

14. "प्रगति है देश की तभी, जब साक्षर होंगे हम सभी" निम्नांकित संकेतों के आधार पर एक आलेख तैयार करें।

भूमिका – राष्ट्र में नागरिकों का कर्तव्य

साक्षरता से तात्पर्य – साक्षरता: एक वरदान

निरक्षरता: अभिशाप – साक्षरता अभियान – उपसंहार

15. बिट्टो के अबोध मन में प्रश्न कील–सा ठुक गया। अगर बिट्टो उस दिन डायरी लिखती, तो वह कैसी होती ?

सहायक संकेत : डोमिन काकी का हाथ बंटाना

- दादी द्वारा तमाचा जड़ना
- गंगाजल छिड़कना और नहलाना

16. एक मोबाइल कंपनी की नई मोबाइल बाज़ार में आनेवाली है। उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें।

विशेषताएँ : आकर्षक रूप, सात रंगों में, 4 जी वाली, नेट कनक्टर मुफ्त

17. किहान अखबार में नौकरी के लिए की गई कोशिशों को सूचित करते हुए गाँव के मित्र के नाम रिज़वान का पत्र तैयार करें।

सहायक संकेत : इंटर्व्यू के लिए बाज़ार जाना

- कासिम का इंटर्व्यू लेना
- दफ्तर पहुँचना
- पते के स्थान पर अपना पता लिखना
- भूख से बेहाल हो जाना

---